मोन्टफोर्ट कप बालिका क्रिकेट
अंतर्विद्यालयीन स्पर्धा 2019–20

दिनांक 13/01/2020 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय भोपाल के प्रांगण मोन्टफोर्ट कप बालिका क्रिकेट अंतर्विद्यालयीन स्पर्धा का प्रथम दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह स्पर्धा कक्षा नौवी से बारहवीं तक की छात्राओं के लिए आयोजित की गई। विद्यालय के प्रांगण में लगभग 5 टीमों ने अपनी भागीदारी की । वातावरण को प्रकाशमय एवं स्वस्थ्य रखने की कामना से प्राचार्य महोदय आदरणीय ब्रदर मोनाचन के.के. ने दीप प्रज्ज्वलन किया ।प्रार्थना ईश्वर को प्राप्त करने का सुंदर साधन है। ऐसे ही ईश्वर से शक्ति की कामना करते हुए प्रार्थना गीत छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया । तत्पश्चात प्राचार्य जी ने नारी सशक्तिकरण पर बल देते हुए बालिकाओं को आगे बढ़ाने हेतु बिन्दुओं पर प्रकाश डाला एवं स्पर्धा प्रारंभ करने का आगाज़ किया। प्रथम दिवस के प्रथम मैच में सेंट जोसेफ को.– एड विद्यालय एवं मदर टेरेसा विद्यालय के बीच काँटे की टक्कर रही। जिसमें 74 अंकों से सेंट जोसेफ विद्यालय विजयी रहा। दूसरा मैंच आंनद विहार विद्यालय एवं सेंट मोन्टफोर्ट के बीच खेलला गया । जिसमें आंनद विहार विजेता रहा। सेमी फाइनल मैंच सेंट जोसेफ विद्यालय एवं आंनद विहार विद्यालय के बीच खेला गया। जिसमें सेंट जोसेफ विद्यालय 3 रन से विजेता रहा। खेल की समूची भूमिका निभाते हुए आज की कोच मिस अनामिका सिंह कार्मल कोन्वेट स्कूल भोपाल मिस प्रीति यादव – सेंट्रल जोन प्लेयर और मिस दिव्यांशी वर्मा – अन्डर 19 महिला टीम प्लेयर रहीं ।